‘सौर ऊर्जा अपनाएँ बिजली और पैसे दोनों बचाएँ’

अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 20 मार्च, 2018 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के प्रेरणा व निर्देशन में ऊर्जा संरक्षण क्लब के अंतर्गत ऊर्जा संरक्षण के लिए **‘ऊर्जा बचाओ’** विषय पर नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें संभाग I व III के 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शिवम बी.कॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर नेहा बी.ए. तृतीय वर्ष और तृतीय स्थान पर रिया गुप्ता बी.बी.ए. कैम द्वितीय वर्ष रहे। सान्तवना पुरस्कार चीनू बी.कॉम ऑनर्स प्रथम वर्ष को प्राप्त हुआ। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शीतल भारद्वाज बी.ए. प्रथम वर्ष ने, द्वितीय स्थान प्रियंका बीए.. प्रथम वर्ष ने व तृतीय स्थान काजल मंगला बी.कॉम तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। सान्तवना पुरस्कार शोभना बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष व प्रीति शर्मा बी.कॉम प्रथम वर्ष को प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल की भूमिका अंग्रेज़ी विभागाध्यक्षा श्रीमती कमल टंडन, हिन्दी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनन्द व पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. रामचन्द्र ने निभाई। यह कार्यक्रम राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्षा श्रीमति रितु, अनीता शर्मा, डौली मंगला के सहयोग से संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के लिए जागरूक करना था।